रौल नं०.....................................नाम परीक्षार्थी.....................................

XII-24 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2025 ई० A

# नागरिकशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 12 पूर्णांक – 100

नोट :– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या–1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या–11 से 20 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर 10 शब्दों (एक वाक्य) में, प्रश्न संख्या–21 से 26 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में और प्रश्न संख्या–27 से 30 तक के प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर लगभग 125 शब्दों में एवं प्रश्न संख्या–31 से 32 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रत्येक 1 अंक)

निर्देश :–निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के उत्तर के लिए चार–चार विकल्प दिए गए हैं। सही उत्तर छाँटकर उसे अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए:–

1. आसियान स्थापित किया गया था :–
(क) 1955 में (ख) 1956 में
(ग) 1967 में (घ) 1970 में।

2. साफ्टा समझौता किन राष्ट्रों के संगठन के तत्वावधान में हुआ था :–
(क) राष्ट्रमण्डल (ख) गुटनिरपेक्ष आन्दोलन
(ग) सार्क (घ) आसियान।

3. वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों की संख्या है :–
(क) 190 (ख) 191
(ग) 192 (घ) 193

4. पर्यावरण समस्याओं को दूर करने के विषय को समझ पाया है :–
(क) जनसामान्य (ख) शासकीय वर्ग
(ग) वैज्ञानिक वर्ग (घ) बुद्धिजीवी वर्ग।

5. अर्थव्यवस्था का सम्बन्ध होता है :–
(क) खनन व्यवसाय से (ख) नौकरी से
(ग) आर्थिक क्रियाओं से (घ) पूँजी से।

6. प्रथम राज्य पुनर्गठन आयोग का अध्यक्ष कौन था :–
(क) जस्टिस फजल अली (ख) हृदयनाथ कुंजरू
(ग) के.एम. पणिक्कर (घ) राजा रविराय।

7. विश्व में सर्वप्रथम कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार लोकतांन्त्रिक चुनावों के माध्यम से कहाँ बनी :–
(क) केरल (ख) पं. बंगाल
(ग) महाराष्ट्र (घ) गोवा।

8. पंचवर्षीय योजनाओं के कार्यकाल में योजना अवकाश का समय है :–
(क) 1956–59 (ख) 1970–73
(ग) 1961–63 (घ) 1966–69

(पृष्ठ पलटिए)

9. कौन-सा एक गुट निरपेक्ष देश नहीं है :-
(क) ब्रिटेन (ख) श्रीलंका
(ग) मिस्र (घ) इण्डोनेशिया।

10. नेशनल कॉन्फ्रेन्स किस राज्य का क्षेत्रीय दल है :-
(क) जम्मू-कश्मीर (ख) मिजोरम
(ग) तमिलनाडु (घ) असम।

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 2 अंक)

11. साम्यवादी गुट के विघटन के किन्हीं दो प्रभावों की विवेचना कीजिए।
12. भौगोलिक निकटता का क्षेत्रीय संगठनों के गठन पर क्या असर होता है?
13. किस राजनेता को सीमान्त गाँधी के नाम से जाना जाता है?
14. अन्तर्राष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेन्सी के दो महत्वपूर्ण कार्य लिखिए।
15. किन्हीं पाँच मानव अधिकारों को लिखिए।
16. "वैश्विक ताप वृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग) के लिए उत्तरदायी गैसों के नाम क्या हैं?
17. स्वतंत्रता के बाद भारत के सामने दो प्रमुख चुनौतियाँ कौन-सी थीं?
18. 1977 के राष्ट्रपति के चुनाव में भारत का राष्ट्रपति कौन चुना गया था?
19. योजना आयोग की स्थापना कब की गयी?
20. दक्षेस के दो प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

## लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 5 अंक)

21. मुल्कों की शान्ति और समृद्धि क्षेत्रीय आर्थिक संगठनों को बनाने और मजबूत करने पर टिकी है। इस कथन की पुष्टि कीजिए।
22. परम्परागत और अपारम्परिक सुरक्षा में क्या अन्तर है? गठबन्धनों का निर्माण करना और उनको बनाए रखना इनमें से किस कोटि में आता हैं?
23. पर्यावरण-संरक्षण के लिए कौन-कौन सी तकनीकी योजनाएँ अपनाई जा रही हैं?
24. यदि भारतीय रियासतों का विलय भारत-संघ में न हुआ तो उसका क्या परिणाम होता?
25. भारत के आर्थिक विकास में पंचवर्षीय योजनाओं की भूमिका का परीक्षण कीजिए।
26. आपात काल की घोषणा के बाद शासन व्यवस्था में क्या-क्या परिवर्तन आते हैं?

## लघु-दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 6 अंक)

27. क्षेत्रीय संगठन की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
28. एक ध्रुवीय विश्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका की विवेचना कीजिए।
29. नीति आयोग पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
30. भारतीय विदेश नीति के मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 8 अंक)

31. वर्तमान एन.डी.ए. सरकार के कार्यकाल में भारत और पाकिस्तान के सम्बन्धों में क्या बदलाव आए हैं? समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

भारत की सुरक्षा नीति के विभिन्न घटकों का वर्णन कीजिए।

32. यदि राज्यों में संवैधानिक तन्त्र विफल हो जाए तो यह संकट किस प्रकार दूर किया जा सकता है? विभिन्न विकल्पों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

क्षेत्रवाद का अर्थ लिखिए और भारत में इसके कारणों का उल्लेख कीजिए।